वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :5 अंक : 10 | सोमवार 5 मई 2025 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# मुख्यमंत्री ने शिव महापुराण कथा का किया श्रवण

## शिव महापुराण जीवन को सार्थक बनाने का दैवीय दर्शन सनातन धर्म का हो रहा है पुनर्जागरण, हमारी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक विरासत को विश्व पटल पर गौरव प्राप्त हो रहा : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



**जयपुर. कासं**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विद्याधर नगर स्टेडियम में आयोजित हो रही शिव महापुराण कथा का रविवार को श्रवण किया। उन्होंने कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा का दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने शिव भगवान की आरती कर प्रदेश की खुशहाली एवं आमजन की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। शर्मा ने शिव महापुराण कथा कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोतागण को संबोधित करते हुए कहा कि जयपुर की पवित्र भूमि पर भगवान शिव की महिमामयी कथा का आयोजन हो रहा है, जो कि हम सभी के लिए परम सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि भगवान शिवकैलाशपति, भोलनाथ एवं विश्वनाथ के रूप में पूजे जाते हैं। ऋषि, मुनि, संत और महंत भगवान शिव के गुणों का कथा वाचन कर समाज को मार्ग दिखाते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान शिव की कृपा से ही जीवन में शांति, समृद्धि और सकारात्मकता का संचार होता है। शिव महापुराण केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन को सार्थक बनाने का एक दैवीय दर्शन है। उन्होंने कहा कि आज हम एक ऐसे युग में जी रहे हैं, जहां सनातन धर्म का पुनर्जागरण हो रहा है। उज्जैन में महाकाल लोक का भव्य निर्माण और वाराणसी में भगवान विश्वनाथ के कॉरिडोर का विकास इसका जीवंत प्रमाण है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ, सोमनाथ व बद्रीनाथ का बदला हुआ स्वरूप भी सभी देख रहे हैं। इन सब से हमारी सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक विरासत भी विश्व पटल पर गौरव प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रयागराज में आयोजित हुए महाकुंभ में विश्वभर के लोगों का आकर पवित्र स्नान करना हमारी सनातन संस्कृति की विराटता को दर्शाता है। शर्मा ने कहा कि इस कथा के जरिए बहने वाली भक्ति की रसधारा को सुनने के लिए बड़ी संख्या में उपस्थित मातृशक्ति को देखकर उन्हें बड़ी प्रसन्नता हुई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान शक्ति और भक्ति की धरती है। माता पन्नाधाय, भक्ति की मूर्ति मीराबाई और मां अमृता देवी जैसी महान मातृशक्ति से आज तक हम सभी प्रेरणा ले रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पंडित प्रदीप मिश्रा जिस सरलता और गहनता से शिव महापुराण कथा को जन-जन तक पहुंचाते हैं, वह अद्भुत है। उनकी वाणी में वह शक्ति झलकती है, जो हर श्रोता के हृदय को स्पर्श करती है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में इस तरह के आयोजन होने चाहिए, जिससे हमारी विरासत, संस्कृति और सनातन को मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, विधायक बालमुकुन्दाचार्य सहित गणमान्यजन उपस्थित रहे।



# गोमटगिरी तीर्थक्षेत्र पर भगवान गोमटेश बाहुबली भगवान मस्तकाभिषेक संपन्न



**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर गोमटगिरी तीर्थक्षेत्र पर भगवान गोमटेश बाहुबली भगवान मस्तकाभिषेक के पावन अवसर पर मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री कैलाशजी विजयवर्गीय ने श्रमण संस्कृति के महामहिम संत पूज्य पट्टाचार्य आचार्य श्री विशुद्ध सागरजी महाराज को आहार विधि में पडगांहन और आहार आचार्यश्री सहित सभी साधुप्रमेष्ठियों को बडे ही भक्तिभाव से आहार दिये । धर्म समाज प्रचारक राजेश जैन दद्दू ने बताया कि आहार देने के पश्चात कहा कि मेरा जीवन धन्य हो गया ओर मेरे जीवन का श्रैष्ठत्म क्षण है इतने सारे महामुनिराजों को एक साथ आहार देने का परम सौभाग्य मिला है और जैन मुनिराजों की चर्या देखकर मैं पूरे समर्पण से कहता हूं कि यह चर्या बहुत ही कठिन है सभी समाजजनों को सीख दी और कहा कि बहुत ही अनुशासन पूर्वक आहार करवाना चाहिए जय हो नमैस्तु शासन जयवंत हो।

# विराट दिव्यांग कैम्प का किया गया सफल आयोजन

**मुकेश जैन लार. शाबाश इंडिया**

**नैनागिरी (छतरपुर)।** श्री दिगंबर जैन सिद्ध क्षेत्र नैनागिरी पर अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद, दिल्ली द्वारा एक नि:शुल्क विराट दिव्यांग कैम्प का आयोजन किया गया। श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र नैनागिरी मे आयोजित कैम्प का दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन करते हुए पुन्यार्जक परिवार अजय बबीता जैन ने तरुण मित्र परिषद द्वारा गत 50 वर्षों से किए जा रहे सामाजिक कार्यों की




सराहना करते हुए कहा कि परिषद ने नैनागिरी सिद्धक्षेत्र मे दिव्यांग कैम्प लगाकर सराहनीय कार्य किया है । परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि नरेन्द्र कुमार व पुष्पा जैन की स्मृति मे उनकी सुपुत्रियां बबीता, मंजू व पूनम जैन परिवार, दिल्ली के सहयोग से आयोजित इस 57वें दिव्यांग कैम्प मे 3 1 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग (हाथ व पैर), पोलियोकैलिपर्स, ऑथोर्शूज (जूते ) स्टिक, व न श्रवणहीन बुजुर्गो को श्रवणयंत्र प्रदान करने हेतु चयन कर नाप लिया गया जो दिल्ली स्थित कार्यशाला में बनाकर 18 मई को यहीं वितरित किए जांएगे। इस अवसर पर परिषद के सहसचिव आलोक जैन, अजय जैन व बबीता जैन, श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र नैनागिरी क्षेत्र के ट्रस्टी पं. अशोक जैन, पार्षद मनीष जैन, गोल्डी जैन, एडवोकेट नीरज जैन आदि समाज के गणमान्य लोग उपस्थित थे । अंत मे परिषद के महासचिव अशोक जैन ने कैम्प को सफल बनाने हेतु संयोजक समकित जैन, अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन युवा परिषद बुंदेलखंड प्रांत के अध्यक्ष अंकित जैन , श्री सिद्धचक्र महामंडल विधानकर्ता परिवार, बड़ा गांव, श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र के अतिरिक्त प्रमुख सहयोगी अजय कुमार व बबीता जैन परिवार, दिल्ली के सहयोग के प्रति आभार प्रकट किया।

# मुनि शिवानन्दी एवं प्रशमा नन्दी महाराज का हुआ मंगल प्रवेश



**निवाई. शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में रविवार को सुबह जैन मुनि शिवा नन्दी महाराज एवं मुनि प्रशमा नन्दी महाराज का निवाई शहर में मंगल प्रवेश हुआ। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं राकेश संधी ने बताया कि जैन आचार्य वसुनंदी महाराज के शिष्य जैन मुनि शिवा नन्दी महाराज एवं मुनि प्रशमा नन्दी महाराज पीपलू रजवास होते हुए रविवार को निवाई पहुंचे। जौंला ने बताया कि मुनि श्री टोंक रोड वैयरहाऊस बस स्टैंड अहिंसा सर्किल भगवान महावीर मार्ग होते हुए श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मन्दिर पहुंचे जहां समाज के लोगों ने पाद प्रक्षालन करके एवं आरती उतारकर अगुवानी की। इस दौरान जैन मुनियों ने भगवान शांतिनाथ के दर्शन कर धर्म सभा को संबोधित किए। इस दौरान महावीर प्रसाद पराणा गोपाल कठमाणा हितेश छाबड़ा शंभु कठमाणा पदम टोंग्या महेन्द्र काला विमल जैन त्रिलोक रजवास जयकुमार जैन राजेन्द्र जैन संजय सोगानी मौजूद थे।

# नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर में 500 से अधिक मरीजों की जांच हुई




**अजय जैन. शाबाश इंडिया**

**अंबाह।** नगर में श्री दिगंबर जैन सोशल ग्रुप शाखा अंबाह और आचार्य आनंद क्लब के संयुक्त तत्वावधान में रविवार, 4 मई को एक नि:शुल्क बहुविशिष्ट स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर जैन धर्मशाला, जयेश्वर रोड अंबाह में सुबह 10:30 बजे प्रारंभ होकर दोपहर 3 बजे तक चला, जिसमें नगर व आसपास के क्षेत्रों से आए 500 से अधिक मरीजों की विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा जांच की गई एवं परामर्श व उपचार प्रदान किया गया। शिविर का भव्य शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अंजली जैन, एसडीएम रामनिवास सिंह सिकरवार, पूर्व नपा अध्यक्ष जिनेश जैन, तहसीलदार सिद्धार्थ गौतम तथा परम संरक्षक एडवोकेट अशोक जैन के करकमलों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे जनसेवा की उत्कृष्ट मिसाल बताया और आयोजनकर्ताओं को साधुवाद दिया। एसडीएम रामनिवास सिंह सिकरवार ने अपने संबोधन में कहा, ''सेवा ही सच्चा धर्म है, और इस प्रकार के नि:स्वार्थ आयोजनों से समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता मिलती है। विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति ने इस शिविर को और भी प्रभावी बना दिया है। मैं आयोजन समिति को साधुवाद देता हूं जिन्होंने इतने बड़े स्तर पर सफलतापूर्वक यह कार्य किया। प्रशासन की ओर से भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा।'' शिविर में चिकित्सा सेवा देने के लिए आगरा, मुरैना व अंबाह के वरिष्ठ विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम मौजूद रही। इनमें प्रमुख रूप से कर्नल डॉ. रवि जैन (वरिष्ठ फिजीशियन), डॉ. राकेश शर्मा (दंत रोग), डॉ. सुशील कुमार (फिजियोथैरेपिस्ट), डॉ. चंद्रशेखर (पेट एवं मूत्र रोग विशेषज्ञ), सहित सिविल अस्पताल अंबाह के बीएमओ डॉ. प्रमोद शर्मा एवं मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. राकेश शर्मा शामिल रहे। स्वास्थ्य शिविर में जिन प्रमुख रोगों की जांच की गई, उनमें हृदय रोग, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, लीवर एवं पाचन तंत्र की समस्याएं, गठिया, वाय रोग, छाती के रोग, टीबी, थायरॉइड, माइग्रेन, मिर्गी, पैरालिसिस, गुप्त रोग, संक्रमण और त्वचा संबंधी समस्याएं शामिल रहीं। इसके अलावा, एनीमिया, खून की कमी, प्लेटलेट्स की कमी, सफेद रक्त कोशिकाओं की असमानता और रक्त कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की जांच भी की गई।

# युवा अंतरिक्ष वैज्ञानिक बन कर असीमित सफलता का मार्ग प्रशस्त करेंः डॉ.राजमल कोठारी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

प्रसिद्ध अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ राजमल कोठारी ने देश के युवाओं से अंतरिक्ष वैज्ञानिक बन असीमित सफलता का मार्ग प्रशस्त करने का आह्वान किया है। डॉ कोठारी महावीर इंटरनेशनल के गोल्डन जुबली आयोजनों के तहत गोल्डन थ्रेड कार्यक्रम में फेस बुक लाइव पर साक्षात्कार में गवर्निंग काउंसिल सदस्य अजीत कोठिया से रूबरू हो रहे थे। डॉ. कोठारी ने मिशन चंद्रयान, मंगल यात्रा ओर अंतरिक्ष के कई अनसुलझे रहस्यों पर सारगर्भित जानकारियां दी। कोठिया के सवालों का जवाब देते हुए डॉ. कोठारी ने अपने अभावों में बीते बचपन, सागवाड़ा में हुई स्कूली शिक्षा, पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी और पूर्व राष्ट्रपति मिसाइलमैंन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम से निकटता का जिक्र करते हुए 100से अधिक देशों की यात्रा का भी जिक्र किया। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे अंतरिक्ष वैज्ञानिक बन कर देश सेवा का काम करे। अंतरिक्ष असीमित है और इस क्षेत्र में काम करने के लिए जो भी युवा छात्र उनसे संपर्क करते हैं उन्हें वे पूरा पूरा सहयोग करेंगे। इसी क्रम में वागदरी डूंगरपुर से पद्मश्री मूलचंद लोढ़ा ने भी फेस बुक लाइव पर साक्षात्कार में कोठिया के सवालों के जवाब देते हुए नेत्र चिकित्सा, जनजाति अंचल में मानव सेवा, विद्यालय संचालन तथा जनजाति अंचल से मासिक पत्रिका के प्रकाशन ओर जागरण जन सेवा मंडल वागदरी के माध्यम से आचार्य महाप्रज्ञ के सपनों को साकार करने में अपने सम्पूर्ण समर्पण संबंधी जानकारी दी। डॉ कोठारी और पद्मश्री मूलचंद लोढ़ा ने महावीर इंटरनेशनल के रजत जयंती पर सभी सेवा भावी वीर वीराओ को शुभकामनाएं दी। कोठिया ने दोनों हस्तियों को जयपुर के बिड़ला ऑडोटोरियम में 5 एवं 6 जुलाई 2025 को आयोज्य दो दिवसीय गोल्डन जुबली आयोजनों में पधारने आमंत्रण भी दिया। गोल्डन थ्रेड कार्यक्रम में फेस बुक लाइव पर साक्षात्कार हेतु पधारने पर अंतरिक्ष वैज्ञानिक डॉ राजमल कोठारी एवं पदम श्री मूलचंद लोढ़ा का आभार प्रदर्शन संयोजक हस्तीमल बांठिया ने किया।




# 30वे नि :शुल्क हड्डी रोग जांच शिविर में 87 लाभान्वित




**कुचामन सिटी. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल कुचामन सिटी के तत्वावधान में श्रीमती गुणमाला देवी कमलकुमार कैलाश चन्द पाण्ड्या के सौजन्य से 30 वां निःशुल्क हड्डी, जाँच जॉइन्ट, लिगामेंट, घुटना रिप्लेसमेंट सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. जितेश जैन (राजस्थान हॉस्पिटल, जयपुर) अरिहंत हेल्थ केयर सेन्टर राजकीय चिकित्सालय के पास 4 मई रविवार को आयोजित किया गया। शिविर संयोजक वीर रतन लाल मेघवाल, वीर संजय अग्रवाल, वीर कमल गौड़, वीर निर्मल पाडंया डाक्टर जितेश जैन गर्वनिंग मेम्बर वीर सुभाष पहाडिया ने शिविर शुभारंभ किया। वीर नरेश कुमार झाझंरी ने बताया कि शिविर 32 लोगो के एक्सरे व 31 रक्त सम्बंधित जांचें निःशुल्क की गई। कोषाध्यक्ष वीर सुरेश जैन, वीर सदीपं पाडंया के अनुसार शिविर मे सीकर, लाडनु जावला, डेगान,मीठडी, जिलीया, पलाडा, परबतसर मारोठ, मोलासर व कुचामन के 87 लोगो ने शिविर से लाभान्वित हुए व परामर्श लिया। वीर अध्यक्ष रामावतार के अनुसार शिविर मे तेजकुमार बडजात्या, आदिश जैन, गोरव, महेश लढा , बोदु कुमावत, सुरजीत वैष्णव ने शिविर में सराहनीय सहयोग किया। वीर सुभाष पहाडिया ने सभी सहयोग कताओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# जीव दया हेतु पक्षियों के लिए लगाये 61 परिण्डे

## जैन सखी संगठन की ममता जैन के नेतृत्व में हुआ कार्यक्रम




**निवाई. शाबाश इंडिया।** जैन सखी संगठन के तत्वावधान में ग्रीष्मकालीन के चलते जीव दया हेतु एवं पक्षियों के पानी के लिए बंपुई वालों की धर्मशाला में पक्षियों के लिए परिण्डे बांधकर 61 परिण्डे वितरण किए गए। कार्यक्रम की मीडिया संयोजक संजू जौंला ने बताया कि ग्रीष्मकालीन के भीषण गर्मी के चलते रविवार को बंपुई वालों की धर्मशाला में जैन सखी संगठन की महिलाओं ने 61 परिण्डे लगाएं गये जिसमें आचार्य शांतिसागर पाठशाला, जैन नसियां पाठशाला, श्री चंद्र प्रभु पाठशाला, श्री शांतिनाथ पाठशाला, एवं जैन सखी संगठन की महिलाओं एवं नन्हे मुन्ने जैन पाठशाला के बच्चों ने पक्षियों के लिए परिण्डे में प्रतिदिन पानी डालने का संकल्प लिया। इस दौरान संगठन की ममता जैन ने सभी महिलाओं एवं बच्चों को जीव दया हेतु धर धर परिण्डे लगाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर ममता जैन सांवलिया अनिता जैन नीलम जैन डिंपल जैन आशा जैन दिव्या जैन रेखा जैन शशी सोगानी संजू जैन जौंला अनिता जैन विजया जैन पदमा जैन त्रिशला जैन मुन्नी देवी जैन दीक्षा जैन सहित अनेक महिलाएं मौजूद थी।



## वेद ज्ञान

# छल का नतीजा

चिकनी-चुपड़ी बातों से विश्वास में लेकर किसी से कुछ हासिल कर अपनी बातों से मुकर जाना छल है। इस प्रवृत्ति को ठगी भी कह सकते हैं। ऐसी नकारात्मक प्रवृत्तियों की धर्मग्रंथों और ऋषियों-मुनियों ने कड़ी निंदा की है। जो लोग इन नकारात्मक प्रवृत्तियों से ग्रस्त हैं, उनकी मदद ईश्वरीय-शक्तियां भी नहीं करतीं। ऐसे लोगों के लाख पूजा-पाठ, व्रत-अनुष्ठान करने के बावजूद उन्हें ईश्वर की अनुकंपा नहीं मिलती। दुर्भाग्य का विषय है कि भौतिकता के दौर और शिक्षा के प्रसार के युग में तीन-तिकड़म, झूठ-फरेब और झपट-कपट से कोई उपलब्धि हासिल कर लेने वाले को बुद्धिमान और चतुर इंसान माना जाता है। ऐसे व्यक्ति की निंदा के बजाय स्तुति, सामाजिक बहिष्कार की जगह स्वागत-सम्मान हो रहा है। नतीजा यह है कि इस तरह की प्रवृत्ति हर क्षेत्र में बढ़ रही है। आदर्श वाक्य सत्यमेव जयते पर तमाम लोग अमल नहीं कर रहे हैं। छोटे संस्थानों में ही नहीं, बल्कि बड़े शासकीय संस्थानों में भी सार्वजनिक तौर पर खुद गलत बयानियां की जा रही हैं और इन लोगों के समर्थन में कुछ लोग तालियां भी जोरदार ढंग से बजा रहे हैं। बहरहाल गौर से देखा जाए तो झूठ-फरेब की आयु ज्यादा लंबी नहीं होती, बल्कि झूठ-फरेब करने वाले ठग प्रवृत्ति के लोगों को कुछ समय के बाद इसके घातक परिणाम मिलने लगते हैं। यह केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि वैज्ञानिक सच्चाई है। जब कोई छल के बल पर किसी को ठगता है तो उस वक्त उसका मन कुछ डरा-डरा सा हो जाता है। मनुष्य का शरीर रसायनों से भरा है। इस स्थिति में शरीर के रसायनों में नकारात्मक और विषैले परिवर्तन होने लगते हैं जिसका असर कुछ दिनों बाद दिखता है। पौष्टिक आहार, योग और व्यायाम के बावजूद शरीर के रासायनिक परिवर्तन बीमारियों को जन्म देने लगते हैं। यह नकारात्मकता विचारों के जरिये रक्त में प्रवेश कर जाती है। फिर तो झूठ-फरेब बगैर मन उदास-उदास सा रहने लगता है। अब धोखेबाजी आदत बन गई। मनुष्य आदतों का गुलाम होता है। जब कोई पराया शख्स धोखे में नहीं फंसता तो फिर अपने परिवार, रिश्तेदार और आसपास रहने वालों पर वह कपट का जाल फेंकने लगता है। नजदीकी लोग तो सब कुछ जानते रहते हैं।

## संपादकीय

# पहलगाम हमले के बाद निर्णायक कार्रवाई की तैयारी

पहलगाम हमले को एक हफ्ते से अधिक समय गुजर चुका। इसे लेकर लोगों का गुस्सा अभी शांत नहीं हुआ है। हालांकि आतंकवाद और उसे पोसने वाले पाकिस्तान पर नकेल कसने के लिए सरकार ने कई कड़े कदम उठाए हैं। घाटी में सुरक्षा इंतजाम बढ़ा दिए गए हैं। सुरक्षा बलों को जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दे दी गई है। जम्मू-कश्मीर सरकार भी सुरक्षा को लेकर सतर्क है। उसने पचास पर्यटन स्थलों को बंद कर दिया है, और ऐसे



स्थलों की पहचान की जा रही है, जहां सैलानियों के लिए खतरा हो सकता है। मगर, फिर भी जन-दबाव बना हुआ है कि पाकिस्तान के खिलाफ कोई सख्त निर्णय करने का वक्त है। मगर सरकार कोई भी कदम हड़बड़ी या उत्तेजना में नहीं उठाना चाहती है। सुरक्षा एजेंसियों, सेना प्रमुखों और रणनीतिकारों के साथ लगातार बैठकों का दौर चल रहा है। सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति की बैठकें हो चुकी हैं। सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार परिषद को पुनर्गठित कर दिया है। इसलिए पाकिस्तान को आशंका है कि भारत उस पर कभी भी हमला कर सकता है। मगर भारत सरकार इसे लेकर सावधानी बरत रही है, तो उसकी वजहें भी समझी जा सकती हैं। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने के पीछे पाकिस्तान का हाथ है, उसे कड़ा सबक सिखाया ही जाना चाहिए, मगर इसका तरीका क्या हो, यह जटिल विषय है। यों तो युद्ध किसी भी मसले का हल नहीं हो सकता, पर पाकिस्तान के मामले में इसे लेकर अधिक गंभीरता से विचार करने की जरूरत पड़ती है। असल मुद्दा आतंकवाद को समाप्त करना है। वह युद्ध के बाद समाप्त हो जाएगा, इसका दावा नहीं किया जा सकता। फिर, भारत हमेशा से युद्ध का विरोध और शांति का समर्थन करता रहा है, अगर वही पाकिस्तान के खिलाफ इसकी पहल करता है, तो उस पर सवाल उठेंगे। इसलिए सरकार तमाम पहलुओं पर ठंडे दिमाग से विचार कर रही है। एक शांतिप्रिय राष्ट्र से ऐसे ही व्यवहार की उम्मीद भी की जाती है। मगर इसका यह अर्थ कतई नहीं कि पहलगाम हमले को लेकर भारत सरकार किसी तरह का ढुलमुल रवैया अख्तियार कर रही है। पाकिस्तान से निपटने की रणनीति बनाते समय इस हकीकत को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि वहां सेना और सियासी हुकूमत समांतर सत्ता हैं। वहां की सेना ने सियासी हुकूमत से ऊपर अपनी सत्ता कायम कर रखी है। वही आतंकवाद को पोसती और भारत के खिलाफ एक हथियार के रूप में उसका इस्तेमाल करती है। जबकि पाकिस्तान की माली हालत इस वक्त बहुत बुरी है, आम अवाम दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रही है। मगर पाकिस्तानी सेना का उससे कोई मतलब नहीं है, उसका मकसद केवल अपनी सत्ता कायम रखना है। छिपी बात नहीं है कि भारत के खिलाफ आतंकवादी हमले करने वाले संगठनों के सरगना वहां सेना के संरक्षण में पनाह पाए हुए हैं। ऐसे में भारत को कोई भी कदम उठाने से पहले इस पहलू पर भी विचार करना पड़ता है कि चोट ऐसी जगह पड़े, जिससे वहां की सेना और खुफिया एजंसी को ज्यादा नुकसान हो। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# नहीं तो अदालतें नहीं बचाएंगी

प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की कार्रवाइयों को लेकर लंबे समय से अंगुलियां उठती रही हैं। सर्वोच्च न्यायालय भी कुछ मौकों पर उसके अधिकारियों को फटकार लगा चुका है कि वे धनशोधन के मामलों में गिरफ्तारियां तो खूब करते हैं, पर उनमें दोषसिद्धि की दर बहुत कम है। इससे उनकी कार्रवाई पर संदेह होता है। हालांकि अतिरिक्त महाधिवक्ता एसवी राजू ने अनेक मौकों पर अदालतों में ईडी का बचाव किया है, मगर उन्होंने भी खुद प्रवर्तन निदेशालय के स्थापना दिवस के मौके पर उसके अधिकारियों को नसीहत दी कि धनशोधन के मामलों में गिरफ्तारियों में संयम बरतें। शुरूआती चरण में ही गिरफ्तारी न करें। गंभीरता से जांच करने के बाद ही गिरफ्तारी का विचार करें और उसका आधार प्रस्तुत करें, नहीं तो अदालतों में उन्हें बेहतर नतीजे नहीं मिल पाएंगे। अतिरिक्त महाधिवक्ता की इस नसीहत की वजह समझी जा सकती है। पिछले कुछ वर्षों में ईडी ने धनशोधन से जुड़े मामलों में बहुत तेजी से कार्रवाइयां की हैं। थोड़े-थोड़े अंतराल पर उसकी छापेमारी चलती रहती है। यही वजह है कि करीब नौ वर्षों में उसने सवा पांच हजार से अधिक मामले दर्ज कर लिए। उनमें से ज्यादातर मामलों में गिरफ्तारियां भी हुईं। मगर दोषसिद्धि केवल चालीस मामलों में हो पाई है ।यह भी छिपी बात नहीं है कि जांच एजंसियों की कार्रवाइयों के पीछे केंद्र सरकार का दबाव रहा है, जिसके चलते ज्यादातर छापेमारियां और गिरफ्तारियां विपक्षी दलों से जुड़े लोगों के खिलाफ हुई हैं। इसलिए इन कार्रवाइयों को लेकर सत्तापक्ष लगातार विपक्ष के निशाने पर रहा है। मगर अतिरिक्त महाधिवक्ता की चिंता यह है कि उन मामलों में अदालत के सामने उन्हें ही दलील पेश करनी पड़ती है और अक्सर मामले कमजोर होने पर उन्हें अदालत की फटकार भी सुननी पड़ी है। इसलिए उन्होंने ईडी अधिकारियों को सीख दी है कि वे केवल मौखिक बयानों के आधार पर गिरफ्तारी का आधार न बनाएं। यही बात सर्वोच्च न्यायालय ने पिछले वर्ष एक मामले की सुनवाई के वक्त कही थी। मगर उस पर ईडी की दलील थी कि धनशोधन निवारण कानून की धारा पचास के तहत उसे मौखिक बयानों के आधार पर गिरफ्तारी का अधिकार प्राप्त है। मगर अतिरिक्त महाधिवक्ता ने अदालत से बाहर उसी दलील के उलट पाठ पढ़ाया है कि कई बार लोग गिरफ्तारी के डर से कुछ बातें कबूल कर लेते हैं, पर बाद में अदालत के सामने अपने बयान से मुकर जाते हैं। इसलिए मौखिक बयानों को आधार न बनाएं। दरअसल, भ्रष्टाचार रोकने के मकसद से धनशोधन निवारण कानून में बदलाव कर प्रवर्तन निदेशालय को काफी हद तक मुक्तहस्त बना दिया गया है। गिरफ्तारियों से संबंधित कानूनों को काफी लचीला बना दिया गया है। कई मामलों में ईडी को गिरफ्तारी के लिए इजाजत लेने या इत्तिला करने की जरूरत नहीं रह गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने इसे व्यक्ति के मौलिक अधिकार का हनन माना था, मगर ईडी ने मौलिक अधिकारों के ऊपर अपने अधिकारों को ज्यादा तरजीह दी है। अतिरिक्त महाधिवक्ता के ताजा बयान से उम्मीद बनी है कि ईडी अपनी कार्रवाइयों में कुछ सतर्कता और कानूनी मूल्यों का ध्यान रखेगी, न कि केवल अपने अधिकारों का मनमानी उपयोग करेगी। मगर इसके साथ ही, यह भी देखने की बात होगी कि ईडी अपने को सरकारी दबाव से किस हद तक मुक्त कर पाती है।

# ब्राह्मण रत्न सम्मान से 65 प्रतिभाएं हुई सम्मानित

## ब्राह्मणों को संस्कारों के बल पर आगे बढ़ना चाहिए: वासुदेव देवनानी

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



ब्राह्मणों को अपने संस्कारों को प्रबल करते हुए समाज को दिशा एवं मार्गदर्शन देना चाहिए। ब्राह्मण समाज ने सदैव परहित में कार्य किया है। ब्राह्मण बच्चों को संस्कारित कर भगवान परशुराम जी की तरह जितेन्द्रिय बनना चाहिए। ये विचार आज भगवान परशुराम जन्मोत्सव समारोह के समापन के अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा आयोजित प्रदेश स्तरीय 'ब्राह्मण रत्न' सम्मान समारोह में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहे। इस अवसर पर सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पण्डित सुरेश मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण सर्वहित की बात करता है और सर्वजन सुखाय की भावना से समाज को एक राह दिखाता है। लेकिन अब ब्राह्मणों को भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए और अग्रणी भूमिका निभाने वाला ब्राह्मण आज पिछड रहा है। उसे भी आगे बढने का अवसर मिलना चाहिए। इस अवसर पर पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने कहा कि जब ब्राह्मण आगे बढेगा तो देश में सामाजिक समरसता बढेगी और परशुराम जी के बताये हुये रास्ते पर युवाओं को चलना चाहिए। इस अवसर पर विधायक प्रशांत शर्मा ने कहा कि सर्व ब्राह्मण महासभा और अन्य सामाजिक संगठनों को सामाजिक रूप से संगठित होकर समाज को एकजूट करना चाहिए और लोकतंत्र में अपनी ताकत दिखानी चाहिए। सर्व ब्राह्मण महासभा ने समाज हित में आरक्षण की एक लम्बी लडाई लडी है जिसमें सफलता प्राप्त हुई है। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा किए जा रहे कार्यो की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा कहा कि सभी ब्राह्मण संगठनों को रचनात्मक कार्यों की तरफ बढना चाहिए। राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर ने कहा कि ब्राह्मण को अब हर क्षेत्र में आगे बढना चाहिए परशुराम जी के विषय में अज्ञानता वश कई विभेद पडे है उन्हे दुर करना चाहिए। इस अवसर पर श्री गोविन्द पारीक पूर्व अतिरिक्त निदेशक डीपीआर और एड एच सी गणेशिया ने ब्राह्मण और सर्व समाज विषय पर अपने विचार प्रकट किये। सर्व ब्राह्मण महासभा की पूरे देश विदेश में हो रही गतिविधियों की जानकारी दी। इस अवसर पर पुलिस अप अधीक्षक आलोक गौतम, पृथ्वी रोलिंग मिल के एमडी पंडित जगन्नाथ शर्मा, भाजपा नेता श्री शैलेन्द्र भार्गव, प्रो. श्री मेघेन्द्र शर्मा, राजस्थान विधानसभा के पूर्व प्रमुख सचिव महावीर शर्मा, योग गुरू ढाकाराम आर.जे. कार्तिक शर्मा, समाज सेवा में कन्हैया लाल शर्मा ,सुनील कुमार शर्मा, एसएच ओ प्रदीप शर्मा, समाजसेवी नरेश आत्रेय, श्री दीनदयाल शर्मा, स्कूल संचालक भगवान भारद्वाज, फर्स्ट इंडिया के डिजिटल हैड शिशिर अवस्थी, अतिरिक्त कमिश्नर जीएसटी कौशल भारद्वाज, समाज सेवी शैलेन्द्र शर्मा, राजस्थान टेंट डीलर्स समिति के प्रदेशादख्यक रासविहारी मिश्रा ,विधानसभा अध्यक्ष के निजी सचिव प्रमोद शर्मा, पत्रकार ललित शर्मा, पत्रकार सुरेन्द्र कुमार स्वामी, भू वैज्ञानिक डॉ विनय भारद्वाज, सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर के निजी सचिव विजय शर्मा,समाज सेवी कैलाश चंद शर्मा, चिकित्सा में श्रीमती अमृता श्रृंगी, डॉ. निशा गौड़, जीएसटी विभाग के सलाहकार श्री अरविन्द मिश्रा, चिकित्सक डॉ. लोकेश शर्मा, डॉ. सुनील ढंड़, केप्टन अनिल शर्मा, पारिक समाज से लक्ष्मीकांत पारीक, फि ल्म निदेशक अजय शर्मा, समाजसेवी अनुराग शर्मा, पार्षद करण शर्मा, डॉ रानी दाधिच, टैरो कार्ड विशेषज्ञ आचार्य हिमानी शास्त्री, खाटूश्याम समिति के सचिव सुरेश पारीक, कोरियर सेवा में प्रताप राजपुरोहित को स्मृति चिन्ह, प्रशस्ति पत्र, साफा व दुपट्टा देकर सम्मानित किया गया।









# 16 मई से 27 मई 2025 तक आयोजित किए जाने वाले "श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर" के पोस्टर व बैनर का हुआ विमोचन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर के तत्वावधान में पूरे देश में 16 मई से 27 मई 2025 तक आयोजित किए जाने वाले ''श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर'' के पोस्टर व बैनर का 04/05/25 रविवार को छात्रावास के सभागार में आयोजित सभा में संस्थान के पदाधिकारियों की उपस्थिति में विमोचन किया गया। संस्थान के अध्यक्ष एस के जैन (आई पी एस), संयुक्त निदेशक प्रो. अरुण कुमार जैन व मानद मंत्री सुरेश कासलीवाल ने बताया की जैन धर्म व श्रमण संस्कृति के संपोषण व संवर्धन हेतु श्रावकों को सुसंस्कारित करने का प्रयास संस्थान शिविरों के माध्यम से 1996 से बराबर करता आ रहा है। इसी कड़ी में इन ग्रीष्म कालीन शिविरों का आयोजन किया जा रहा है जिनका मुख्य उद्देश्य जीवन को अनुशासित व संस्कारित करना होता है। बालिका छात्रावास की अधिष्ठात्री शीला जैन ड्योडा व निदेशिका डा. वंदना जैन के अनुसार रविवार की सभा में संयोजकों व मंदिरों के अध्यक्ष व मंत्री की उपस्थिति में शिविर संबंधित सभी आवश्यक जानकारियां दी गई तथा शिविरार्थियों हेतु आवश्यक सामग्री बेग, पुस्तके, कापियां, बैनर, पोस्टर आदि वितरित किए गए है। शिविर के मुख्य संयोजक उत्तम चंद पाटनी व निदेशक डा. शीतल चंद्र जैन ने बताया कि जयपुर में करीब पचास से भी अधिक स्थानों पर शिविर लगाए जाएंगे। जिनकी पूरी तैयारियां कर ली गई है। शिविर में अध्यापन हेतु विद्वान संस्थान से प्रत्येक स्थान पर भेजे जाते है जो नियत पाठ्यक्रम व जैन ग्रंथों का बच्चों व बड़ों को अभिरुचि अनुसार समझाते हुए अध्यापन कराते है। इधर सन्त सुधासागर बालिका छात्रावास सांगानेर की विदुषियाँ भी स्थानीय शिविरों में महत्ती धर्म प्रभावना करती है। प्रचार प्रसार प्रभारी पदम जैन बिलाला ने बताया कि शिविर लगा रहे मंदिरों में से तीन श्रेष्ठ मंदिरो को समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा तथा सभी विषयों में प्रथम आने वालों का जयपुर स्तर पर प्रतिष्ठित रत्नाकर एवार्ड हेतु एग्जाम द्वारा चयन होगा। जयपुर के संस्कार शिक्षण शिविरों में पाँच हजार से ज्यादा शिविरार्थियों द्वारा स्वाध्याय हेतु सहभागिता का अनुमान है। इस अवसर दिगम्बर जैन महिला संभाग राजस्थान अंचल की अध्यक्षा शालिनी बाकलीवाल ने ग्रीष्म कालीन शिविरों में पूर्ण सहयोग व संयुक्त संभाग द्वारा समय समय पर विशेष कार्यक्रम आयोजन हेतु आश्वस्त किया। आज की सभा में दो सो से अधिक संयोजक गण, मंदिर पदाधिकारी, स्थानीय शिक्षक सहित कई गणमान्य श्रेष्ठियों की गरिमा मय उपस्थिति रही। सभा अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व बालिकाओ द्वारा मंगलाचरण के साथ शुरू हुई। सभा में पूना से डिंपल गदिया, दर्शन बाकलीवाल, प्राचार्य सतीश शास्त्री सहित बहुत से गणमान्य श्रेष्ठियों की उपस्थिति रही। सभा के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया गया।







पुलक पर्व महोत्सव
भारत गौरव आचार्य श्री पुलकसागरजी गुरुदेव के
55वें अवतरण दिवस पर
जैन समाज के कमजोर आय वर्ग व जरूरतमंद जैन परिवार को
अन्न वितरण
रविवार दिनांक 11 मई, 2025
प्रात: 9.00 बजे
स्थान :
भट्टारक जी की नसियाँ,
नारायण सिंह सर्किल, जयपुर
नोट : दिनांक 5 मई, 2025 तक निम्न सम्पर्क कर अपना नाम लिखवा दें।
एवं अन्न प्राप्त करने के लिए अपना आई डी कार्ड साथ लेकर आयें।
पुलक मंच परिवार, जयपुर
रितेश लुहाडिया 9414056886
कुशल चन्द ठोलिया 9828156805
नीतू सौगाणी 8561007510
मधु देवी ठोलिया 9828411833
इन्द्रा बडजात्या 9829600731
दीपक पाटोदी 9829019301

# पक्षियों के लिए परिंडो को लगाने का कार्यक्रम जय नगर जैन मंदिर प्रांगण में आयोजित





**जयपुर. शाबाश इंडिया।** वर्तमान में भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए पीने के पानी की किल्लत को देखते हुए , श्री केसरिया पार्श्वनाथ महिला मंडल, केसर चौराहा, मुहाना मंडी रोड पर महिलाओं के द्वारा पक्षियों के लिए परिंडो को लगाने का कार्यक्रम रविवार को जय नगर जैन मंदिर प्रांगण एवम आसपास के एरिया मे किया गया। महिला मण्डल की अध्यक्ष उषा जैन ने बताया कि इसमें महिला मंडल के द्वारा निशुल्क परिंडे वितरित किये गए। महिला मंडल की सभी सदस्यों सीमा जैन, रंजना पाटनी, कविता कासलीवाल, प्रियंका पाटनी, कनक पापड़ीवाल, रेखा लुहाड़िया, कल्पना सोनी, सरोज लुहाड़िया, सुशीला लुहाडिया, चन्दा जैन, प्रेमलता जैन, ममता छाबड़ा, नेनसी जैन, सेफाली जैन, अनिता कासलीवाल, किरण जैन, पूनम सेठी एवम मंदिर से जुड़े हुए सभी समाज श्रेष्ठीयो ने इस मूक पक्षियों के हित के कार्य मे बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने इन मूक पक्षियों के सेवार्थ भाव की शपथ भी ली।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर **'शाबाश इंडिया'** आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com | weeklyshabaas@gmail.com

# विद्वत संगोष्ठी में पार्श्वज्योति विशेषांक के लोकार्पण के साथ डॉ. नरेन्द्र जैन भारती हुए सम्मानित



**सनावद. शाबाश इंडिया।** सुमतिधाम इंदौर मे चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्ध सागर महाराज के पट्टाचार्य समारोह कार्यक्रम के अंतर्गत आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज द्वारा रचित महाकाव्य 'जल बिंदु' पर हुई विद्वत्संगोष्ठी में गुरुवार को पार्श्वज्योति मंच के अध्यक्ष डॉ. नरेन्द्र जैन भारती की सहभागिता पर राजेंद्र पाटिल, मनीष गोधा, दिनेश जैन ने विद्वानों की उपस्थिति के बीच तिलक, मोतीमाला पहनाकर, श्रीफल तथा जैन साहित्य की किट भेंट कर जैन धर्म और दर्शन के प्रचार- प्रसार हेतु उनका सम्मान किया। मंच के महामंत्री बसंत पंचोलिया एवं प्रचार मंत्री प्रियम जैन ने बताया कि कार्यक्रम में डॉ. नरेन्द्र जैन द्वारा संपादित तथा डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती द्वारा लिखित वात्सल्य महोदधि गणाचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज पुस्तक का विमोचन डॉ. अशोक जैन डॉ. अनुपम जैन, डॉ. फूलचंद प्रेमी तथा डॉ. श्रेयांश जैन तथा पार्श्वज्योति के विशेषांक का लोकार्पण किया गया। पुस्तक के लेखक डॉ. सुरेन्द्र जैन भारती एवं विद्वत परिषद के अध्यक्ष डॉ. अशोक जैन भी सम्मानित किये गये।

JSG Jain Social Groups

**जैन सोश्यल ग्रुप नॉर्थ जयपुर**

**श्री सुनील-श्रीमती बबीता बड़जात्या**

**कार्यकारिणी सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ जयपुर**

5 मई' 25



Happy Anniversary

**की वैवाहिक वर्षगांठ पर**

**हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं**

**शुभेच्छु**

**अध्यक्षः** सुनील सोगानी, **आई पी पीः** राहुल जैन
**संस्थापक अध्यक्षः** मनीष झांझरी
**पूर्व अध्यक्षः** अभय गंगवाल, **पूर्व अध्यक्षः** संजय जैन
**उपाध्यक्षः** सुकेश काला, **सचिवः** अजय जैन
**संयुक्त सचिवः** विजय जैन, **कोषाध्यक्षः** संजय गौधा

**एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्य जैन सोशल ग्रुप नॉर्थ, जयपुर**

# नारी आत्मनिर्भरता का उत्सव – Rotary नारी बिज़ एक्सपो 2025 का भव्य समापन







**जयपुर।** बी.एम. बिड़ला ऑडिटोरियम, जयपुर में आयोजित तीन दिवसीय Rotary नारी बिज़ एक्सपो 2025 का आज अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ समापन हुआ। रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ और यति ग्रुप द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित इस आयोजन ने महिला उद्यमिता, आत्मनिर्भरता और नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए समाज को एक प्रेरणादायी संदेश दिया।रोटरी क्लब जयपुर नॉर्थ के अध्यक्ष अनिल जैन ने अपने समापन उद्बोधन में सभी आगंतुकों, 150+ महिला उद्यमियों, रोटरी क्लब सदस्यों और आयोजन में सहयोग देने वाले प्रत्येक व्यक्ति का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "यह एक्सपो केवल एक व्यापारिक आयोजन नहीं था, बल्कि यह नारी शक्ति, स्वावलंबन और नवाचार का जीवंत उत्सव था। हमें गर्व है कि हम ऐसे मंच का हिस्सा बन सके, जहाँ महिलाओं ने अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास का अद्भुत प्रदर्शन किया।"इस एक्सपो में देशभर की महिला उद्यमियों ने फैशन, फूड, हेल्थ, होम डेकोर, एजुकेशन, ऑर्गेनिक उत्पाद, ब्यूटी और कंसल्टिंग सेवाओं के क्षेत्र में अपने स्टार्टअप और ब्रांड्स का प्रदर्शन कर सभी को प्रभावित किया। ओपन माइक, लाइव म्यूजिक परफॉर्मेंस, सेल्फ-डिफेंस सेशन्स, वर्कशॉप्स और नेटवर्किंग ज़ोन जैसे विभिन्न कार्यक्रमों ने एक्सपो को जीवंत और बहुआयामी बना दिया।यति ग्रुप की ओर से डायरेक्टर श्रीमती विधि शर्मा ने आयोजन की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, "हमारे लिए यह गर्व का विषय है कि Rotary नारी बिज़ एक्सपो 2025 जैसा मंच यति ग्रुप का भागीदार रहा। यह सिर्फ एक एक्सपो नहीं था, बल्कि महिलाओं के सपनों को उड़ान देने का माध्यम था। यति ग्रुप हमेशा से महिला सशक्तिकरण और उद्यमिता को प्राथमिकता देता आया है, और हम भविष्य में इस आयोजन को और भी बड़े पैमाने पर आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।"इस आयोजन में MSME विभाग, AWWA, First India News, Women Era, iStart Rajasthan जैसे प्रतिष्ठित संगठनों का सहयोग भी अत्यंत सराहनीय रहा। सभी पार्टनर्स, मीडिया और प्रतिभागियों ने मिलकर इसे एक ऐतिहासिक और प्रेरणास्पद आयोजन बना दिया।Rotary नारी बिज़ एक्सपो 2025 ने यह सिद्ध कर दिया कि जब महिलाओं को सही मंच और समर्थन मिलता है, तो वे समाज, व्यापार और संस्कृति के हर क्षेत्र में नई ऊँचाइयों तक पहुँच सकती हैं। यह केवल एक समापन नहीं, बल्कि एक नई शुरुआत है – नारी सशक्तिकरण की ओर एक और सशक्त कदम।

# विशाल निशुल्क हृदय रोग चिकित्सा परामर्श शिविर संपन्न हुआ

**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**



**भीलवाड़ा।** हार्ट अटैक के लक्षण, हर व्यक्ति के अलग-अलग हो सकते हैं, जैसे सीने में दर्द या बेचैनी होना , सांस लेने में तकलीफ, मतली, पसीना आना, चक्कर आना आदि। किसी को इनमें से कोई भी लक्षण महसूस हो रहा है तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। यह विचार मुख्य अथिति प्रियंका हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ जी एल शर्मा ने वरिष्ठ नागरिक मंच (संस्थान) एवं प्रियंका हॉस्पिटल एन्ड कारडीयक सेंटर जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित निःशुल्क हृदय रोग चिकित्सा परामर्श शिविर के शुभारंभ के अवसर पर व्यक्त किये ' इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि महात्मा गांधी हॉस्पिटल भीलवाड़ा के अधीक्षक डॉ अरुण गोड़ ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए चार नियम है; संतुलित आहार लेना, नियमित व्यायाम करना, पर्याप्त नींद लेना और तनाव कम करना ' वरिष्ठ नागरिक मंच के अध्यक्ष मदन खटोड़ ने सभी का स्वागत करते हुए बताया कि शिविर में 0 से 14 वर्ष के दो, 14 से 60 वर्ष के 48 , व 60 से 80 वर्ष के 132 और 80 वर्ष से अधिक के 11 रोगियों ने बी पी, शुगर , ई सी जी आदि निःशुल्क जांचे करवाकर चिकित्सा परामर्श प्राप्त किया। इस प्रकार 138 पुरूष एवम 55 महिलाओं सहित कुल 193 रोगियों की जांच की गई। कार्यक्रम प्रभारी डॉ.के.सी. पंवार ने धन्यवाद ज्ञापित किया 'कार्यक्रम का संचालन महासचिव कृष्ण गोपाल सोमानी ने किया ' मीडिया प्रभारी गोविंद प्रसाद लढ़ा एवं संयुक्तमहासचिव कैलाश चंद्र सोमानी ने बताया कि वरिष्ठ नागरिक मंच द्वारा आयोजिय यह 37 वा चिकित्सा शिविर था। इस अवसर पर मुकुट राजसिंह शक्तावत, महिला प्रमुख वीणा खटोड़ ,प्रमोद तोषनीवाल, एन सी जैन,उमाशंकर शर्मा, डॉ अभिमन्यु उप्पल, डॉ दौलत मीणा , डॉ सुरेश मीणा एवम डॉ कपिल ने भी अपने विचार व्यक्त किये।

# महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर के चुनाव सम्पन्न

## प्रसन्न गोलेछा की पूरी टीम हुई भारी बहुमत से विजयी




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** महावीर इंटरनेशनल एसोसिएशन जयपुर के द्विवार्षिक चुनावों में प्रसन्न गोलेछा की टीम भारी बहुमत से विजयी हुई। चुनाव अधिकारी अनिल जैन आई पी एस रिटायर्ड ने बताया कि एसोसिएशन के जनता कॉलोनी स्थित भवन में रविवार , 4 मई को प्रातः 9 बजे से 1 बजे तक हुए मतदान में 334 मतदाताओं में से 247 मतदाताओ ने अपने मत का प्रयोग किया । चुनाव में प्रसन्न गोलेछा की संपूर्ण टीम नरेंद्र कुमार सेठी, प्रसन्न गोलेछा, सुभाष गोलेछा, अशोक राका , मंजू पालावत, सुशीला गोलेछा, ताराचंद कानूनगो, प्रमिला कुमारी जैन, महेंद्र कुमार चोपडा, संतोष भंसाली, सुरेश चंद कोठारी, नरेंद्र श्रीमाल, शरद काकरिया, विजय हिंगड को विजयी घोषित किया गया। सभी विजेता प्रत्याशियों को हार्दिक बधाई।

# भव्य सम्यग्ज्ञान शिक्षण शिविर का शुभारंभ नसियां में दादावाड़ी कोटा में हुआ

**कोटा. शाबाश इंडिया**

पुण्योदय अतिशय क्षेत्र नसियां जी दादाबाड़ी कोटा में परम पूज्य आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महाराज के परमप्रभावक शिष्य गुरूदेव निर्यापक श्रमण मुनिपुंगव श्री 108 सुधा सागर जी महाराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से दिनांक चार मई से आठ दिवसीय पुण्योदय सम्यग्ज्ञान शिक्षण शिविर का शुभारम्भ हुआ। नसिया जी समिति अध्यक्ष जम्बू जैन सर्राफ ने राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पारस जैन 'पार्श्वमणि' पत्रकार को जानकारी देते हुवे बताया कि ये शिविर 4 मई 11 मई तक चलेगा इस शिविर में श्री दिगम्बर जैन श्रमण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर के विद्वान पारस शास्त्री व विद्वतजनों , सौरभ सिद्धार्थ शास्त्री, अभिषेक शास्त्री, दीपांशु शास्त्री, हेमन्त शास्त्री, शुभम शास्त्री, शशांक शास्त्री,रविन्द्र शास्त्री द्वारा बच्चों महिलाओं और पुरुषों को जैन धर्म दर्शन का शिक्षण कराया जाएगा। आज उदघाटन समारोह में सर्व प्रथम हरसौरा परिवार द्वारा ध्वजारोहण किया गया उसके पश्चात महावीर मित्तल परिवार ने मंगल कलश की स्थापना की, विवेक ठौरा परिवार ने आचार्य 108 विद्या सागर जी महाराज व निर्यापक 108 सुधा सागर जी महाराज के चित्र अनावरण व दीप प्रज्जवन किया । संयोजक धर्मचंद जैन ने बताया कि दीप प्रज्जवन के बाद सभी पुण्यार्जक परिवारों का सम्मान किया गया आमंत्रित विद्वानों का सम्मान किया गया। उसके बाद मुनि श्री108 विभोर सागर जी महाराज की मंगल देशना सभी भक्तजनों को मिलीं.. मुनिश्री ने शिविर से जुड़े सभी लोगो आशीर्वाद प्रदान किया। संयोजक अर्चना रानी जैन सर्राफ ने बताया कि मंगल देशना बाद सभी शिविरार्थी अपनी अपनी बालबोध भाग (1) एक, बालबोध भाग ( 2) दो, छहढाला पूर्वार्ध, छहढाला (उत्तरार्द्ध), इष्टोपदेश, ग्रंथ,तत्वार्थ सूत्र,प्रश्नोत्तरी रत्नमालिका,समेत अन्य विषयों की वातानुकूलित कमरों में सामूहिक कक्षाएं में गयें।





# मानव जीवन में भावों का विशेष महत्व है : मुनिश्री विलोकसागर

## 4 से 11 मई तक होगी सिद्धो की आराधना



**मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया**

**मुरैना।** मानव जीवन में भावों का विशेष महत्व होता है । हमारे मन में हजारों भाव प्रतिदिन आते जाते रहते हैं । भाव अच्छे भी आते हैं, भाव बुरे भी आते हैं। अच्छे भाव कम आते हैं, बुरे भाव ज्यादा आते हैं। यदि कोई अच्छा कार्य करने का भाव मन में आ भी जाए तो उसे क्रियान्वित करने में काफी अड़चनें आती हैं। कोई भी धार्मिक आयोजन विधान आदि कोई धर्मी, भाग्यशाली व्यक्ति ही कर सकता है । अधर्मी व्यक्ति तो कोई बहाना बनाकर भाग खड़ा होता है । अच्छे कार्य को पूर्ण करने में विघ्न बाधाएं आ सकती हैं। हमें दृढ़ संकल्प के साथ उन विघ्न बाधाओं को पार करते हुए अपने कार्य को पूर्ण करना चाहिए ।उक्त उद्गार श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती बड़ा मंदिर में दिगम्बर मुनिश्री विलोक सागर महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के पावन अवसर परमुनिश्री विबोधसागर महाराज ने कहा कि सिद्धचक्र विधान विधानों का राजा कहलाता है। प्रत्येक जैन प्राणी को अपने जीवन काल में एकबार अवश्य ही सिद्धचक्र विधान कराना चाहिए। भाव पूर्वक सिद्धों की आराधना करने से पापों का क्षय होता है, सांसारिक कष्टों का नाश होता है। वैसे तो कोई भी धार्मिक अनुष्ठान विधान आदि से मन को शांति मिलती है और शुभ परिणामों की उत्पत्ति होती है ।इसलिए हमें सदैव शुभ परिणामों के साथ धार्मिक पूजा, पाठ, अनुष्ठान आदि करते रहना चाहिए।




## अंतरराष्ट्रीय शतरंज खिलाड़ी वाणी जैन को जन्मोत्सव की बहुत-बहुत बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं

वाणी जैन ने मात्र 14 वर्ष की उम्र में शतरंज की दुनिया में एक अपनी अलग पहचान बनाई है इसके लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

# बेगस जैन मंदिर के वार्षिक मेले में उमड़ा आस्था का सैलाब









**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जयपुर शहर के सिरसी रोड स्थित ग्राम बेगस के 466 वर्ष प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर का 14वां वार्षिक मेला रविवार को अतीव उमंग एवं उल्लास के साथ मनाया गया। वार्षिक मेले का शुभारंभ सुमनलता, खुशबू एवं प्रदीप सोगानी सिनोदिया परिवार द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। भक्ति भाव के साथ झंडा गान के उपरांत अतिथियों का सत्कार प्रबंध समिति की ओर से किया गया। प्रबंध समिति के चीफ कोऑर्डिनेटर जयकुमार जैन-बड़जात्या (सीकर वाले) ने अवगत कराया कि वार्षिक मेले में हजारों की तादाद में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा और उनका उत्साह देखने लायक रहा। वार्षिक मेले के मुख्य अतिथि के तौर पर तारामणि मोदी, अक्षय उर्फ बंटी मोदी परिवार, दीप प्रज्ज्वलनकर्ता राकेश- शिल्पा मोदी, विशिष्ट अतिथि जे के जैन- कालाडेरा सहित राजस्थान जैन सभा सदस्य राखी जैन, विनोद जैन-कोटखावदा एवं अनिल छाबड़ा की गौरवमयी उपस्थिति रही। प्रबंध समिति अध्यक्ष पूनम चंद ठोलिया एवं मंत्री सुरेश छाबड़ा ने बताया कि वार्षिकोत्सव में अशोक चांदवाड़, राजकुमार कोठारी, चेतन कुमार जैन सहित अनेक भामाशाहों ने शिरकत की और अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। चीफ कोऑर्डिनेटर जयकुमार बड़जात्या ने बताया कि वार्षिक मेले में श्रीजी के प्रथम अभिषेक एवं शांति धारा का सौभाग्य विनोद कुमार छाबड़ा, मंगलम आनन्दा एवं महावीर रांवका ने प्राप्त किया तथा शांतिनाथ विधान मंडल पूजन की समस्त मांगलिक क्रियाएं सौधर्म इंद्र चेतन कुमार-रेखा छाबड़ा ने पं. प्रद्युम्न कुमार शास्त्री के निर्देशन में सम्पन्न की। इस अवसर पर जयपुर शहर के विभिन्न कोनों से श्रद्धालुगण बसों में बैठकर बेगस आए और देवाधिदेव 1008 श्री शांतिनाथ भगवान की भक्ति भाव से पूजा अर्चना की। पत्रिका पुण्यार्जक के रूप में आलोक- आशा जैन एवं जयकुमार-मंजू बड़जात्या ने अपना योगदान दिया। श्रीजी की माल का सौभाग्य अनोप देवी- बुद्धि प्रकाश छाबड़ा, बेगस परिवार को मिला। चीफ कोऑर्डिनेटर बड़जात्या ने बताया कि वार्षिक मेले के आयोजन का रिकॉर्डेड प्रसारण कमल-पुष्पा, राखी जैन, ऋषि- पलक, आर्च एवं आरवी परिवार तथा पूनमचन्द-अनीता ठोलिया परिवार के सहयोग से आगामी दिनों में जिनवाणी चैनल पर किया जाएगा।